एक नजर में

## दिलाई स्वदेशी अपनाने की शपथ

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, जिला उज्जैन अंतर्गत ग्राम स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन ग्राम टकवासा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अरुण व्यास, सुनील बारोट, मोतीलाल पटेल एवं शिवनारायण पटेल मंचासीन रहे। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम की विस्तृत रूप से बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा यह अभियान चलाया गया है जिसके अंतर्गत ग्राम में स्वावलंबी एवं शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारियां प्रदान की जा सके। सुनील बारोड ने सभी को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई। संचालन संजय चौहान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सचिव एवं आभार गोवर्धन गोयल समिति अध्यक्ष ने माना।

## त्रिवेणी शनि मंदिर के पुजारी बने महंत

**उज्जैन।** इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर के पुजारी राकेश बैरागी को वैष्णव संतों ने महंताई प्रदान की। महंताई के पश्चात आप श्री पंच रामानंदीय खाकी अखाड़ा के अंतर्गत महंत बन गए है। उनका नामकरण महंत राकेश दास के रूप में हुआ। रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज ने इन्हें अपने शिष्य के रूप में गुरु दीक्षा प्रदान की। इस अवसर पर उज्जैन अखाड़ा परिषद अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दास, निर्वाणी अणि अखाड़े के महंत दिग्विजय दास, निर्मोही अखाड़े से महंत चरण दास, दिगंबर अखाड़ा से महंत रामचंद्र दास समस्त वैष्णव बैरागी समाज बंधुओं एवं स्नेही भक्त जनों की बधाई देकर के चादर विधि की शुभकामना प्रेषित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुष्प माला मिठाई श्री फल से स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की गई।

## बेटियों ने भरी सफलता की बास्केट

**उज्जैन।** मप्र शासन द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स, बास्केटबॉल राज्य प्रतियोगिता का आयोजन इन्दौर में 28 से 31 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमें उज्जैन की बालिकाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त जानकारी देते हुए ऋतु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में अपने सभी मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया तथा तृतीय स्थान के लिये ग्वालियर को 58-42 से पराजित कर कांस्य पदक जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश मेंदोला, कुलविंदर सिंह गिल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आकर्षक ट्रॉफ़ी, मेडल और केश प्राइज़ प्रदान किया गया। इस अवसर पर ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, प्रगति जैन, सुनिता यादव और विनोद पांचाल उपस्थित थे। एसोसिएशन के कोच समीक्षा भदौरिया, विराट धाकड, सैजल डागर, प्रियंका संत आदि द्वारा बधाइयां प्रेषित की गई।

## यज्ञ में अपने अवगुणों की आहुति दें-शर्मा

**उज्जैन।** विद्यार्थी जीवन में हम खुद के प्रति ईमानदार रहे एवं लक्ष्य के प्रति जाग्रत रहे, यदि प्रथम अवस्था में हमने सही दिशा में परिश्रम किया तो बाद की अवस्था में हम उसका लाभ उठा सकेंगे। उक्त विचार विद्यार्थियों के लिए आर्य समाज मंदिर में आध्यात्मिक विकास की कार्यशाला में वरिष्ठ शिक्षाविद अनोखीलाल शर्मा ने व्यक्त किए। आनंद विभाग के जिला संयोजक डॉ. प्रवीण जोशी ने कहा मन की शक्ति अपार है हम अपनी क्षमताओं से अनभिज्ञ है। माता पिता की केवल हमसे सफल जीवन की अपेक्षा है। अतः हम अपने नाम को सार्थक करते हुए सफल जीवन की और कदम बढ़ाए। वैदिक विद्वान पंडित राजेंद्र व्यास ने वेद मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को प्रारंभिक जीवन से धर्म ग्रंथों का स्वाध्याय करना चाहिए, हमारा देश आर्यावर्त भारत है देवभाषा संस्कृत और प्राचीन इतिहास का ज्ञान हमे संस्कारी बनाता है। प्रारंभ में आचार्य राजेन्द्र व्यास के ब्रह्मत्व में देवयज्ञ संपन्न हुआ जिसमें सभी विद्यार्थियों ने आहुतियां दी। ईश प्रार्थना का वाचन निषद शर्मा ने किया। भजन की प्रस्तुति श्रीमती सिरोलिया ने दी। अतिथियों का स्वागत ओम के उपवस्त्र से मंत्री भरत आर्य, पूर्व प्रधान राजेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अंबाराम वर्मा ने किया। संचालन विष्णु शर्मा ने किया और आभार प्रधान ललित नागर ने व्यक्त किया। तत्पश्चात शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# मेवानगर पेटलावद में माघ पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

▶ महाआरती के साथ संपन्न हुए धार्मिक अनुष्ठान



**पेटलावद। अटूट श्रद्धा के केंद्र श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव तीर्थ, मेवानगर पेटलावद में माघ पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस विशेष दिवस पर सुबह नाकोडा भैरव देव की भव्य महाआरती के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। इस धार्मिक आयोजन में मुंबई, आष्टा, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, करही, राजगढ़ और थांदला सहित देश के विभिन्न कोनों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचे। जिसके बाद शाम तक भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। सभी भक्तों ने धाम के गादीपति सुमित जी पीपाड़ा से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्म लाभ लिया।**

### भूमिपूजन भी संपन्न हुआ

आचार्य विश्व रत्न सागर जी महाराज साहब के आशीर्वाद से यहां भव्य मंदिर निर्माण की तैयारियां भी यहां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में बीते 30 जनवरी को दादा के स्थापना दिवस पर एक ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। गादीपति सुमित जी पीपाड़ा के मार्गदर्शन में निकाले गए शाही वरघोड़े ने नगरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य शोभायात्रा में 11 घोड़े, दो बैंड, 11 बग्गियां और 11 ढोल शामिल थे। विशेष आकर्षण 111 फीट ऊंचा विशाल ध्वज रहा, जिसे लेकर लाभार्थी परिवार नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान श्रद्धालु अपने सिर पर छप्पन भोग और पूजन सामग्री लेकर चल रहे थे। नगर भ्रमण के पश्चात दरबार में श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ भगवान, भैरव देव, अछुपता माताजी और काला-गोरा भैरव की विधि-विधान से स्थापना की गई। भक्तिमय वातावरण के बीच 35 हवन कुंडों में आहुतियां दी गईं और महाआरती का आयोजन हुआ। इसके उपरांत लाभार्थी महेंद्र कुमार, आशुतोष और अनिरुद्ध अग्रवाल परिवार द्वारा दादा की पावन भूमि पर शुभ मुहूर्त संपन्न किया गया।

तीर्थ की बढ़ती ख्याति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अल्प समय में ही यह स्थान देश भर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है।

आज के आयोजन में अन्नपूर्णा के लाभार्थी रतलाम के शांतिलाल रखबचंद स्मित कुमार सराफ परिवार रहे।

इस संपूर्ण महोत्सव के दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष सुनील झालोका (रायपुरिया), सचिव राजेश कांठेड़ (नलखेड़ा), ट्रस्टी सौरभ खेमेसरा (मेघनगर) और ट्रस्टी सुनील भांगू (पेटलावद) सहित ट्रस्ट मंडल के पदाधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन राजेश कांठेड़ ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन सौरभ खेमेसरा द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव ट्रस्ट मंडल, कार्यकारिणी एवं महिला मंडल का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा

# फिनिश लाइन से पहले थम गई युवक की धड़कन

▶ मैराथन में कोलकाता के युवक की मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** 'दिल से दौड़े, दिल के लिए' के संदेश के साथ रविवार सुबह आयोजित मैराथन एक युवा धावक के लिए अंतिम दौड़ साबित हो गई. 21 किलोमीटर की दौड़ में शामिल कोलकाता निवासी युवक की फिनिश लाइन से ठीक पहले तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार कोलकाता निवासी 25 वर्षीय युवक 21 किमी कैटेगरी की मैराथन में भाग लेने इंदौर आया था. नेहरू स्टेडियम से शुरू हुई दौड़ को पूरा करने के बाद जब वह फिनिशिंग प्वाइंट के करीब पहुंचा, तभी करीब 50 मीटर पहले अचानक वह लड़खड़ाकर गिर पड़ा. मौके पर मौजूद अन्य धावकों और आयोजकों में अफरा-तफरी मच गई. इसी मैराथन



में शामिल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भरत रावत सहित अन्य लोगों ने तत्काल सीपीआर देकर युवक को संभालने की कोशिश की. एम्बुलेंस पहले से साथ चल रही थी, जिससे उसे तुरंत एमवाय अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में डॉक्टरों ने करीब एक घंटे तक लगातार प्रयास किए, लेकिन युवक की जान नहीं बचाई जा सकी. बाद में परिचित युवक को बॉम्बे हॉस्पिटल भी ले गए, जहां भी उसे मृत घोषित कर दिया. शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखा है.

# शव नाले में फेंकने की थी तैयारी, पुलिस पहुंची तो पलंग पेटी से खुला राज

## श्रीनगर कांकड़ बालक हत्याकांड में और आरोपियों की भूमिका खंगाल रही पुलिस

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एमआईजी थाना क्षेत्र के श्रीनगर कांकड़ में 12 साल के बच्चे की हत्या के बाद आरोपी रेहान और उसके नाबालिग रिश्तेदार ने शव को ठिकाने लगाने की पूरी योजना बना ली थी. दोनों का प्लान था कि पुलिस जब तलाश कर लौट जाएगी, तब बच्चे के शव को बोरे में भरकर खजराना रोड स्थित पुष्प नगर के नाले में फेंक दिया जाएगा. नाला गहरा और लंबा होने के कारण शव मिलने की संभावना बेहद कम थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने रेहान के घर की पलंग पेटी से बच्चे का शव बरामद कर लिया और पूरा मामला उजागर हो गया.**

थाना प्रभारी सीबीसिंह ने बताया कि शनिवार को हत्या के बाद आरोपी लगातार पुलिस के साथ मिलकर बच्चे को खोजने का नाटक करता रहा. इसी दौरान पुलिस को शक हुआ और जब रेहान के घर की तलाशी ली गई तो पलंग पेटी में शव मिला. इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उससे पूछताछ जारी है. इस मामले में पुलिस फिलहाल रेहान को मुख्य आरोपी मान रही है. साथ ही उसके चाचा राजा निवासी नयापुरा, जिस पर सबूत छुपाने का आरोप है, उसे भी सहआरोपी बनाए जाने की तैयारी चल रही है. पूछताछ में रेहान एक नाबालिग रिश्तेदार का नाम भी ले रहा है, जो वारदात के वक्त मौजूद था. पुलिस उसकी भूमिका को लेकर भी जांच कर रही है. जांच में यह



भी सामने आया है कि हत्या के बाद शव को पलंग पेटी में छिपाने की जानकारी रेहान की दादी मुन्नवर जहां और मां शहजादी को थी. हालांकि हत्या में उनकी सीधी भूमिका सामने नहीं आई है, लेकिन सबूत छुपाने के मामले में दोनों को आरोपी बनाए जाने को लेकर पुलिस विधिक सलाह ले रही है. पुलिस ने बताया कि रेहान ने बच्चे को बहाने से श्रीदेवी अपार्टमेंट बुलाया था. वहां उसके साथ आपत्तिजनक हरकत करने का प्रयास किया और विरोध करने पर ईंट से हमला कर गला घोंटकर हत्या कर दी. इसके बाद शव को घर ले जाकर पलंग पेटी में छिपा दिया.

**फिरौती एंगल पर भी जांच...-** पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हत्या के पीछे कोई दूसरा मकसद तो नहीं था. आरोपी की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई जा रही है, जबकि मृतक के पिता संपन्न हैं. ऐसे में फिरौती मांगने की मंशा से जुड़ा एंगल भी खंगाला जा रहा है, हालांकि पुलिस का मानना है कि इसके चांस कम हैं.

**पोस्टमार्टम के बाद शव दफनाया-** बच्चे का शव मिलने के बाद पुलिस ने एफएसएल टीम से जांच कराई और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया. परिजनों ने उसी दिन शव को दफना दिया.

### आज फिर घटनास्थल पर ले गई पुलिस...

रविवार सुबह पुलिस टीम आरोपी रेहान को कोर्ट में पेश करने से पहले घटनास्थल पर लेकर गई. उसे श्रीनगर की उसी मल्टी की छत पर ले जाया गया, जहां ईंट से हमला कर गला घोंटने की वारदात की गई थी. इसके बाद उसे उसके घर भी ले जाया गया, जहां शव पलंग पेटी में छिपाया था. इस दौरान किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा. पुलिस ने हमले में प्रयुक्त ईंट और गला घोंटने में इस्तेमाल की गई डोर सहित अन्य सबूत भी जब्त किए हैं.

### कार के कांच पर लिखा मिला संदिग्ध संदेश

जांच के दौरान पुलिस की नजर मल्टी की पार्किंग में खड़ी एक कार के डस्ट लगे कांच पर पड़ी, जिस पर लिखा था तेरे को मारना नहीं था पुलिस का मानना है कि यह संदेश आरोपी ने नशे की हालत में लिखा हो सकता है. यह कार मल्टी में रहने वाले एक रहवासी की बताई जा रही है. इस बिंदु पर भी आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

# ऑटो चालक से लूट करने वाले दो शातिर बदमाश धराए

**इंदौर. चंदन नगर थाना पुलिस ने ऑटो चालक से मोबाइल फोन और नकदी लूटने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और 500 रुपए नगद भी बरामद किए हैं.**

थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर झपटमारी की घटनाओं में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है. मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चंदन नगर पुलिस टीम ने 22 वर्षीय केशव उर्फ छोटू और 21 शाहरुख दोनों निवासी सिरपुर को गिरफ्तार किया. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने ऑटो चालक से मोबाइल फोन और नगदी लूटने की वारदात कबूल की, जिसके बाद उनके कब्जे से विवो कंपनी का मोबाइल फोन,



जिसकी कीमत करीब 14 हजार रुपए बताई गई है, और 500 रुपए नगद जब्त किए है. गिरफ्तार आरोपी केशव उर्फ छोटू थाना चंदन नगर का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पूर्व में 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. इसके अलावा वह दो गिरफ्तारी वारंट में भी वांछित था. वहीं, आरोपी शाहरुख के खिलाफ भी पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज होना सामने आया है. फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से अन्य लूट और झपटमारी की घटनाओं को लेकर भी पूछताछ कर रही है और इनके नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है.

# जलता मिला था युवक, पुलिस की तत्परता से बची जान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एक युवक के जिंदा जलने की सूचना से हड़कंप मच गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल आग बुझाकर गंभीर रूप से झुलसे युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया. समय पर की गई कार्रवाई से युवक की जान बच सकी.**

तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि घटना सोमवार 19 जनवरी की सुबह करीब 5 बजे की है. लैंटर्न चौराहे पर एक व्यक्ति के जलने की सूचना मिलने पर एफआरवी-28 और रात्रि गश्त में तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने देखा कि युवक आग की लपटों में घिरा हुआ था.



पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए आग बुझाई और घायल को इलाज के लिए एमवायएच अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया था. अस्पताल में पूछताछ के दौरान घायल युवक अपना नाम-पता नहीं बता सका.

# एक थाने से तीन तो तीन थानों से दो-दो वाहन उड़ाए, एक ही रात में 14 वाहन हुए चोरी

▶ नए साल में भी नहीं थमी वाहन चोरियों की रफ्तार, विजयनगर फिर बना हॉट स्पॉट

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. नए साल में भी वाहन चोरी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है. सोमवार रात शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वाहन चोरों ने 14 गाड़ियां उड़ा लीं. एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में वाहन चोरी की घटनाओं ने पुलिस की गश्त और दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं.**

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सबसे ज्यादा तीन वाहन विजयनगर थाना क्षेत्र से चोरी हुए. इसके अलावा लसूड़िया, परदेशीपुरा और संयोगितागंज थाना क्षेत्रों से दो-दो गाड़ियों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई है. बाकी वाहन अन्य इलाकों से चोरी बताए जा रहे हैं. चोरी की इन घटनाओं में देर रात से सुबह तक का समय बताया गया है. शहर में पिछले कुछ वर्षों से वाहन चोरी लगातार बढ़ रही है. आंकड़ों के मुताबिक बीते तीन सालों में हर साल तीन हजार से अधिक गाड़ियां चोरी होने के मामले सामने आए हैं. इसके बावजूद चोरों पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है. विजयनगर और लसूड़िया थाना क्षेत्र लंबे समय से वाहन चोरी के हॉट स्पॉट बने हुए हैं. यहां लगभग रोजाना वाहन चोरी की शिकायतें दर्ज हो रही हैं. पुलिस चोरी रोकने के लिए समय-समय पर नए प्लान और विशेष अभियान चलाने के दावे करती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर नजर नहीं आ रहा है. लगातार बढ़ती वाहन चोरियों से आम लोग भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, लेकिन फिलहाल किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है.

एक नजर में ▶ भारतीय पत्रकार संघ 'एआईजे' के तत्वावधान में 1000 से अधिक पत्रकारों की गरिमामय सहभागिता

# पत्रकारिता के सम्मान, एकता और कल्याण का ऐतिहासिक महाकुंभ

▶ राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं कल्याण महोत्सव 2026 बना मील का पत्थर

**आलीराजपुर। पत्रकारिता के सम्मान, जनहित के मूल्यों और संगठित एकता के विराट संकल्प के साथ भारतीय पत्रकार संघ 'एआईजे' के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं कल्याण महोत्सव-2026 ने क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। अभ्युदय यूनिवर्सिटी कैंपस, खरगोन में संपन्न इस भव्य आयोजन में देशभर से 1000 से अधिक पत्रकारों की उपस्थिति थी।**

अतिथियों के स्वागत के पश्चात भारतीय पत्रकार संघ 'एआईजे' के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 'भारतीय पत्रकार संघ 'एआईजे' पिछले 12 वर्षों से निरंतर पत्रकार हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। ' यह आयोजन एआईजे का 555वां वृहद आयोजन है, जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। संगठन देश के 575 से अधिक जिलों में सक्रिय रूप से पत्रकारों के हित में कार्य कर रहा है। पत्रकारों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण हेतु 27 से अधिक उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों एवं अस्पतालों के साथ एमओयू किए जा चुके हैं। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता, पत्रकार पुष्पेंद्र वैद्य ने एआईजे के




संघर्षपूर्ण, प्रेरणादायक और गौरवशाली सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि 'एआईजे ने उस समय पत्रकारों के लिए आवाज़ उठाई, जब वे असंगठित, असुरक्षित और उपेक्षित थे।'

कार्यक्रम संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार क्रांति चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा, एआईजे आज देश का सबसे बड़ा पत्रकार हितैषी संगठन बन चुका है। यह संगठन केवल बातें नहीं करता, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करता है। गौरव अतिथि हीरालाल अलावा, विधायक एवं जयस संरक्षक ने कहा कि 'पत्रकार लोकतंत्र की आत्मा हैं और उनके हितों के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध रहूंगा।'

विशिष्ट अतिथि केदार डावर, विधायक ने कहा कि। 'उन्होंने अपने 40 साल के सार्वजनिक जीवन में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में पत्रकारों को एक मंच पर देखा है।'

उद्घाटन कर्ता अतिथि बालकृष्ण पाटीदार, विधायक खरगोन ने कहा कि '350 से अधिक वाहनों में पत्रकारों का यह ऐतिहासिक जमावड़ा खरगोन के इतिहास में अविस्मरणीय है।'

वरिष्ठ पत्रकार हेमंत पाल ने पत्रकारिता के सुव्यवस्थित विकास में एआईजे की भूमिका की जमकर प्रशंसा की।

वरिष्ठ पत्रकार तेजकुमार सेन ने अपने चिर-परिचित अंदाज़ में पत्रकारों से लेखन के साथ-साथ संगठित एकता की आवश्यकता पर बल दिया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रतीक श्रीवास्तव ने पत्रकारों की कठिन परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि 'आज पत्रकार अनेक बंदिशों, दबावों और चुनौतियों के बीच काम कर रहे हैं।

इसके बावजूद पत्रकारों का राष्ट्रीय प्रेम और कर्तव्य बोध प्रशंसनीय है। 'उन्होंने एआईजे के निरंतर प्रयासों को 'दमदार, जानदार और सार्थक' बताते हुए मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम के पावन सानिन्ध्य दाता त्रिकालदर्शी श्री रामलला सरकार, अयोध्या ने विशाल संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने कहा 'पत्रकार अपने समय का दान राष्ट्र के लिए करते हैं। यह कार्य राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च स्वरूप है।'




### महत्वपूर्ण घोषणाएं =

इस अवसर पर अभ्युदय यूनिवर्सिटी, खरगोन संकुश हॉस्पिटल रतलाम, रक्षा हॉस्पिटल खरगोन, एसएमएस हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ मृदंग भावसार, अहमदाबाद, पारुल यूनिवर्सिटी गोवा, मिलेनियम इन्फ्रा इंदौर सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा पत्रकार हित में उल्लेखनीय घोषणाएं की गई। वरिष्ठ एंकर पारुल केशवानी ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन को जीवन का सबसे सार्थक आयोजन की उपमा दी। इन घोषणाओं में चिकित्सा सुविधा, शिक्षा, सहयोग एवं अन्य कल्याणकारी योजनाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में पत्रकारों और विशिष्ट अतिथियों का भव्य अभिनंदन और सम्मान किया गया। इस आयोजन में अभ्युदय यूनिवर्सिटी के कुलपति विक्रम सिंह परमार और डायरेक्टर स्वप्निल कोठारी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर एआईजे के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीजुद्दीन शेख ने सभी पत्रकार साथियों, अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री सहित राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज शेख़, युवा विंग के नेशनल चेयरमैन संदीप जैन, युवा राष्ट्रीय सचिव रंजीत ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव मनोहर मंडलोई, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एम एस शेख, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष किरण कुमार गोगोई, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव एवं राजेंद्र अग्रवाल, प्रदेश संयोजक राकेश साहू सहित सभी प्रदेश जिला पदाधिकारियों एवं ब्लॉक स्तर के साथियों के विशेष सहयोग से यह आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।